आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून उत्तराखण्ड)
मंगलवार 05.08.2025
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- उत्तरकाशी जिले के धराली गांव में बादल फटने से भारी नुकसान। सेना, एसडीआरफ, एनडीआरएफ, जिला प्रशासन और अन्य टीमें राहत व बचाव कार्य में जुटी।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने हादसे पर दुःख व्यक्त किया। राज्य सरकार को हरसंभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया।
- चम्पावत जिले के मां बाराही धाम देवीधुरा में बग्वाल मेला शुरु। मुख्य पर्व बग्वाल रक्षा बंधन के दिन खेली जाएगी।
- चमोली जिले के गौचर में तीन दिवसीय कौशलम कार्यक्रम का शुभारंभ।

उत्तरकाशी बादल फटा

उत्तरकाशी जिले में हर्षिल क्षेत्र के धराली गांव में आज दोपहर बादल फटने के बाद अचानक खीर गाढ़ के उफान पर आ जाने से भारी नुकसान हुआ है। जिला आपातकाल परिचालन केंद्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार धराली बाजार क्षेत्र में भारी मलवा आने के कारण भवनों, होटलों और दुकानों को भारी नुकसान हुआ है। सेना, एसडीआरफ, एनडीआरएफ, जिला प्रशासन और अन्य संबंधित टीमें मौके पर राहत व बचाव कार्य में जुटी हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हादसे पर दुःख व्यक्त करते हुए अधिकारियों को राहत व बचाव कार्य युद्ध स्तर पर संचालित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रभावित क्षेत्रों में जिला प्रशासन, भारतीय सेना, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें राहत और बचाव कार्यों में जुटी हुई हैं। प्राथमिकता के आधार पर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है और स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।

इस बीच, धराली में आई आपदा के दृष्टिगत उत्तरकाशी जिला प्रशासन ने हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। ये नम्बर हैं– 01374– 22 21 26, 01374– 22 27 22 और 94 56 55 64 31

## प्रधानमंत्री/केंद्रीय गृह मंत्री/आपदा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने धराली में हुई घटना पर दुःख व्यक्त किया है। श्री मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर धराली में हुई त्रासदी से प्रभावित लोगों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने सभी पीड़ितों की कुशलता की कामना की। प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से बात कर हालात की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की निगरानी में राहत और बचाव की टीमें हरसंभव प्रयास में जुटी हैं। लोगों तक मदद पहुंचाने में कोई कोर–कसर नहीं छोड़ी जा रही है। प्रधानमंत्री ने राज्य सरकार को हर संभव केंद्रीय सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि प्रभावित नागरिकों को शीघ्र राहत पहुँचाना सर्वोच्च प्राथमिकता है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी धराली की घटना पर गहरा दुःख प्रकट किया है। उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से फोन पर बात कर घटना की विस्तृत जानकारी ली और राज्य सरकार को हरसंभव केंद्रीय सहायता का आश्वासन दिया। गृह मंत्री ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एनडीआरएफ और अन्य राहत एजेंसियों को तत्परता से कार्य करने के निर्देश दिए हैं। श्री शाह लगातार राज्य सरकार के संपर्क में हैं। केंद्र सरकार की ओर से प्रभावित क्षेत्र में आवश्यक सहायता सुनिश्चित की जा रही है।

## मौसम

प्रदेश में रुक–रुक कर बारिश का दौर जारी है। पर्वतीय क्षेत्रों में बारिश और भूस्खलन से सड़क मार्ग बाधित हो रहे हैं। वहीं, राज्य की प्रमुख नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जिसे देखते हुए शासन–प्रशासन स्तर पर सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाए गए हैं। पिथौरागढ़ जिले में लगातार बारिश से अवरुद्ध धारचूला–तवाघाट रोड को बीआरओ की कड़ी मेहनत के बाद यातायात के लिए खोल दिया गया है। सुबह से ही मशीनें सड़क पर जमा मलबा और पत्थर हटाने में जुटी रहीं। इस बीच, मौसम विभाग ने आज हरिद्वार, नैनीताल और ऊधमसिंह नगर जिलों के कुछ स्थानों में भारी से बहुत भारी बारिश का रेड अलर्ट, जबकि चम्पावत, बागेश्वर, पौड़ी, टिहरी और देहरादून जिलों में कहीं–कहीं भारी से बहुत भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

**बग्वाल मेला**

पाषाण युद्ध बग्वाल के लिए प्रसिद्ध चम्पावत जिले के मां बाराही धाम देवीधुरा में बग्वाल मेले का आज से शुभारंभ हो गया है। इस ऐतिहासिक, पौराणिक और धार्मिक मेले का जिलाधिकारी मनीष कुमार ने शुभारंभ किया। सोलह अगस्त तक चलने वाले इस मेले का मुख्य पर्व बग्वाल नौ अगस्त, रक्षा बंधन के दिन खेली जाएगी। मेले में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी जा रही है। जिलाधिकारी ने बताया कि मेले के दौरान श्रद्धालुओं को विभिन्न सुविधाए प्रदान करने की सभी व्यवस्थाएं की गई हैं। उन्होंने बताया कि मेला क्षेत्र को छह सेक्टरों में बांटा गया है।

मन्दिर के पीठाचार्य पंडित कीर्ति बल्लभ शास्त्री ने बताया कि इस वर्ष मेले में बग्वाल खेलने के लिए चार खाम सात तोक के बग्वाली वीर खासे उत्साहित हैं।

कौशलम प्रशिक्षण

चमोली जिले के 109 राजकीय इंटर कॉलेजों और 77 हाईस्कूलों में कौशलम कार्यक्रम का शुभारंभ हो गया है। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, गौचर में इन विद्यालयों से एक–एक वरिष्ठ अध्यापकों के लिए तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला समन्वयक तेजेन्द्र रावत ने बताया कि यह कार्यक्रम पूरे प्रदेश में चलाया जा रहा है। इसके तहत 21वीं सदी के कौशलम और उद्यमशील मानसिकता के लिए अभी से बच्चों को तैयार करना है।

मास्टर ट्रेनर राजेन्द्र सिंह कण्डारी ने कौशलम कार्यक्रम को छात्र–छात्राओं के लिए बहुत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि आने वाले समय में यह कार्यक्रम छात्रों के लिए लाभकारी सिद्ध होगा।

**राज्यपाल/मुलाकात**

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह से आज राजभवन में गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पंतनगर के कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान ने मुलाकात की। इस अवसर पर कुलपति ने राज्यपाल को कॉफी टेबल बुक ''महिला सशक्तीकरण के माध्यम से उत्तराखण्ड में शहद क्रांति'' भेंट की। जिसमें विश्वविद्यालय द्वारा मधुमक्खी पालन के क्षेत्र में पिछले एक वर्ष में किए गए शोध, प्रशिक्षण और ग्रामीण महिलाओं की सहभागिता के बारे में जानकारी दी गई है। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड का प्राकृतिक

वातावरण और जैव विविधता मधुमक्खी पालन के लिए बहुत ही उपयुक्त है। ऐसे में, राज्य की महिलाओं को इस कार्य से जोड़ना न सिर्फ उनके आत्मनिर्भर बनने की दिशा में मदद करेगा, बल्कि उन्हें और अधिक सशक्त बनाएगा। राज्यपाल ने कहा कि वर्तमान में उत्तराखण्ड में करीब 12 हजार मीट्रिक टन शहद का उत्पादन होता है, जबकि हमारे राज्य में इसकी क्षमता 40 से 60 हजार मीट्रिक टन तक बढ़ाई जा सकती है।
वहीं, राज्यपाल से आज राजभवन में उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय के नवनियुक्त कुलपति प्रोफेसर नवीन चन्द्र लोहनी ने भी मुलाकात की। राज्यपाल ने कहा कि दूरवर्ती और ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाना मुक्त विश्वविद्यालय की प्रमुख भूमिका है और इस दिशा में ठोस प्रयास होने चाहिए।

## क्विज प्रतियोगिता

आज़ादी का अमृत महोत्सव और उन्यासीवें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आकाशवाणी समाचार देहरादून ने एक क्विज प्रतियोगिता शुरू की है। सबसे पहले सही उत्तर देने वाले श्रोता का नाम अगले दिन के समाचार बुलेटिन में घोषित किया जाएगा। हमारा कल का प्रश्न था– प्रधानमंत्री स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज कहाँ फहराते हैं ? सही उत्तर है– लाल किले पर।

हमारी कल की विजेता हैं– देहरादून के अपर राजीव नगर से– अंजू
श्रोताओं आज का प्रश्न है– भारत के राष्ट्रीय ध्वज की लंबाई और चौड़ाई का अनुपात कितना है ? प्रश्न एक बार फिर सुन लें– भारत के राष्ट्रीय ध्वज की लंबाई और चौड़ाई का अनुपात कितना है ?